राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 13 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में ‘‘स्कूल रेडियो पॉडकास्ट’’ को लॉन्च किया। ओहो रेडियो और डेटॉल के सौजन्य से पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत हर रविवार को स्कूली बच्चों को रेडियो पर आमंत्रित किया जाएगा। यहां बच्चे संवाद के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन–जन पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अभियान की लॉन्चिंग के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस पहल के माध्यम से हमारे बच्चों में बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा और जिससे वे समझ सकेंगे कि प्रकृति और संसाधनों का संरक्षण कितना महत्वपूर्ण है। यह पहल केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है; यह जन आंदोलन है, जो हमारे बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाएगा और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग और समर्पित बनाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमेशा पर्यावरण संरक्षण को एक प्रमुख प्राथमिकता माना है, और इसी दिशा में उनकी मिशन लाइफ पहल, जो ‘‘पर्यावरण के प्रति जीवनशैली’’ के रूप में जानी जाती है, हम सभी को अपने जीवन में छोटे–छोटे बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है, जो हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायक होंगे।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान न केवल सफलतापूर्वक अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेगा, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करेगा। ओहो रेडियो और डेटॉल की इस पहल से प्रेरित होकर हम सभी यह संकल्प लें कि हम पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरा–भरा, और सुरक्षित पर्यावरण मिले।

राज्यपाल ने इन सभी बच्चों, शिक्षकों, और अभिभावकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने इस अभियान के लॉन्चिंग के लिए डेटॉल और ओहो रेडियो को विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर ओहो रेडियो के आरजे काव्या ने पूरे अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डेटॉल के हेड रवि भटनागर, ओहो रेडियो की सीइओ मोनिका सोलंकी, डॉ. कोमल गोस्वामी, ललित जोशी सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे और अन्य लोग उपस्थित रहे।

............0............